राज
कॉमिक्स
विशेषांक

मूल्य 20.00 संख्या 540

सुपर हीरो

सुपर कमांडो ध्रुव

ये किसी अवतार का नाम नहीं है और न ही किसी फरिश्ते की उपाधि। जो भी जुर्म के खिलाफ आवाज उठाएगा, जो भी अत्याचारियों के फन को कुचलेगा और जो भी न्याय का रूप धरकर अन्याय का विनाश करेगा फिर चाहे वह जो भी हो, दुनिया कहेगी कि यही है हमारा...

सुपर हीरो

कथा : जौली सिन्हा | चित्र : अनुपम सिन्हा | इंकिंग : विनोदकुमार | सुलेख एवं रंग : सुनील पाण्डेय | सम्पादक : मनीष गुप्ता

अब कोकी तुझको तेरे सवाल का जवाब देगा! पर पहले एक जवाब तुझको देना पड़ेगा!
आखिर तू ये मानने को तैयार क्यों नहीं है कि मैं अकेले काम करता हूं। मेरा कोई बॉस नहीं है। कोई मालिक नहीं है!
धड़ाक
वैसे तो तेरे सवाल का जवाब देने की मुझे कोई जरूरत नहीं है! लेकिन मैं जवाब दूंगा! जरूर दूंगा!
और वह सिर्फ इसलिए ताकि शायद मेरा जवाब सुनकर तू यह समझ ले कि तुझे झूठ बोलने से कोई फायदा नहीं होने वाला है। इंटरपोल वालों ने तुमको इधर भेजने वाले तुम्हारे यूरोपीय बॉस चिकारा को पकड़ लिया है। उसने अपने हर देश के खरीदार के बारे में विस्तार से बताया है!
और उसने अपने हिन्दुस्तानी कॉन्टेक्ट के बारे में बताया है कि वह अंग्रेजी लहजे में बोलने वाला कोई पढ़ा लिखा इंसान है जो अपनी शक्ल छुपाकर रखता है! चिकारा ने उसकी शक्ल कभी नहीं देखी!
पर तुझको देखकर तो एक बच्चा भी यह समझ सकता है कि तू न तो पढ़ा लिखा है और न ही तुझको अंग्रेजी की एक लाइन भी ठीक से बोलनी आती होगी।
इसीलिए मेरा समय खराब मत कर!
बता, कौन देता है तुझको हुक्म?

उसका... उसका नाम मैं नहीं जानता! वो तो... वो तो...
याद रख! मैं जानता हूं कि तू मौत से नहीं डरता! पर तू एक चीज से जरूर डरता है!...
...और वह है डर, और तू यह अच्छी तरह से जानता है कि वह डर किस चीज का है! अगर कभी मेरा या इस मसले का जिक्र भी तेरी जुबान पर आया तो मैं तेरी जिन्दगी को मौत से बदतर बना दूंगा!
चुप क्यों हो गया कोकी! बोलता जा वर्ना मुझे तेरा 'फ्यूज' का बटन दबाना पड़ेगा! घूंसे से!
नहीं बताऊंगा मैं! कुछ भी नहीं बताऊंगा मैं! वर्ना... वर्ना वह मुझको तब तक तड़पाएगा, जब तक मैं तंग आकर खुद नहीं मर जाता!
ये... ये क्या? जहर का इंजेक्शन क्यों लगा लिया तुमने?
ये जहर का इंजेक्शन नहीं...
...हेरोइन हेलेइन का इंजेक्शन है ये! सुपर प्योर हेरोइन का इंजेक्शन रगों में जाते ही ये सुपर पॉवर देता है! ...इंसान में एक हाथी जितनी ताकत आ जाती है!

और इसकी ताकत तुम्हें कुचलने के लिए जरूरत से कहीं ज्यादा है!
आऽऽऽह!
यह भी सिर्फ इसलिए ताकि मैं इससे सच को न उगलवा सकूं! इसके दिल में इसके बॉस का जो डर है, वह सचमुच मौत से भी बड़ा डर है!

लेकिन ये एक बात नहीं जानता कि सब कुछ ताकत से ही नहीं होता!
फुर्ती के बगैर ताकत बेकार है!
'स्टार-कफ्स' का एक कड़ा, कोकी की कलाई पर आ लगा-
और ध्रुव ने कलाबाजी खाते हुए उसकी दूसरी कलाई को भी 'स्टार कफ्स' से जकड़ दिया-
इससे छूटने की कोशिश मत करना, कोकी!
ये टाइटेनियम के बने हुए 'हैंडकफ्स' हैं! इसको तोड़ पाना इंसानों के बस की बात नहीं है! और हाथ पीछे बंधे हों तब तो तोड़ पाने का सवाल ही नहीं उठता!
अब बताओगे, यूं ही पिटते रहोगे या मुझको अपने बॉस का नाम बताओगे?
... अपने भगवान का!
नाम तो तू याद कर ले सुपर कमांडो ध्रुव...
ओह! ये हथकड़ी तो नहीं तोड़ पाया तो इसने पूरे खंभे को ही उखाड़ लिया!

और ध्रुव का शरीर मलबे के नीचे दबता चला गया-
ध्रुव के जिन्दा बचने का अब सवाल ही पैदा नहीं होता था।

अब मेरे दिल से हर किस्म का डर निकल चुका है! हर अपराधी के दिल में सबसे बड़ा डर आज तक सुपर कमांडो ध्रुव होता था! मैंने उस डर को मार डाला है! अब छोटे-मोटे डर मेरा क्या बिगाड़ेंगे! अब मैं बॉस बनूंगा और सुपर कमांडो ध्रुव... सोचकर ही दिल खुश हो गया!
ये... ये क्या? ये कार मेरी तरफ ही आ रही है! कौन हिम्मत कर रहा है अहंकार से मुझ कोकी से उलझने की!
कार चालक पर नजर पड़ते ही-
कोकी का 'फोबिया' तुरन्त वापस लौट आया-
ध्रुव! ये कैसे हो सकता है? ये तो मलबे में दबकर मर गया था! ये जिन्दा कैसे हो सकता है? और अगर जिन्दा बच भी गया हो तो मलबे से बाहर कैसे आ गया?
कोकी अपने आपसे बहस करता रह गया-
आऽऽऽह! ये... ये मैं कहां आ गया हूं? कितना अंधेरा है यहां पर! मेरा दम घुट रहा है!
मैं तुझको मार डालूंगा ध्रुव! इस हरकत के लिए मैं तुझको जिन्दा नहीं छोडूंगा!
और इस टक्कर ने उसको मेनहोल के खुले मुंह में पटक दिया-
एक बार तो तू न जाने कैसे बच गया! पर तू बार-बार नहीं बचेगा!

मुझे गिरती दीवार से इसी गटर ने बचाया है कोकी! जैसे ही मलबा गिरना शुरू हुआ मैं मेनहोल का ढक्कन हटाकर गटर में कूद गया! और फिर दूसरे गटर से बाहर आकर तुझको मेनहोल के रास्ते इस गटर में फेंक दिया!
आऽऽऽह!
मुझसे उलझकर अपनी मौत को क्यों बुला रहा है ध्रुव! रोशनी कर! मुझे यहां से निकलने दे! वर्ना तू मेरी ताकत को जानता है न? चीरकर रख दूंगा मैं तुझको!
बढ़-चढ़कर बातें मत कर कोकी! अब मैं तेरी कमजोरी को जान गया हूं!
और तेरे इस डर का पता मुझको तब चला जब शॉर्ट सर्किट के कारण कुछ मिनटों के लिए बिजली चली गई थी और अंधेरे के कारण तू डर के मारे चिल्लाने लगा था!
उस वक्त मुझे लगा था कि तू शॉक लगने के कारण ऐसा व्यवहार कर रहा है!
पर गटर के अंधेरे में पहुंचते ही मुझको ध्यान आया कि बिजली जाते ही तू अंधेरा-अंधेरा कहकर चिल्लाने लगा था!
तेरे दिल में अंधेरे का डर छुपा हुआ है! फोबिया ऑफ डार्कनेस!
तू जो कुछ भी बक रहा है डर के कारण बक रहा है!
... तुझको इस अंधेरे गटर में ले आया! अब ये अंधेरा ही तुझको हरायेगा! तू अपने डर से ही हारेगा!
हां हां हां! तुम... तुम सही कह रहे हो ध्रुव! मेरे इसी डर का फायदा उठाकर साइकोलोजिस्ट ने मुझे अपना गुलाम बनाया हुआ है! मुझको यहां से बाहर निकालो! वर्ना... वर्ना ये अंधेरा मेरी जान ले लेगा!

तो उसका रास्ता, बेल्ट के वार ने रोक लिया-
लेकिन एक नुकसान भी हुआ-
टूटे कैप्सूल से निकले नशीले पत्थरों और द्रवों ने बहते खून के रास्ते से अंदर घुसकर
ध्रुव के शरीर में अपनी जगह बना ली-
मैं नशे का बिल्कुल आदी नहीं हूं! इसीलिए ये दवाइयां मुझ पर और तेज असर कर रही हैं!
मेरी ताकत नहीं बढ़ी तो न सही, लेकिन ध्रुव की ताकत तो कम हो गई है! अब मेरा काम बहुत आसान हो गया है!
अरे वाह! ये तो मेरी उम्मीद से ज्यादा बढ़िया काम हो गया!
मुझको बेहोश होने से पहले इसको काबू में करने का रास्ता ढूंढना होगा!

पानी ने सिग्नल फ्लेयर की आग को बुझा दिया-
आईईई
ध्रुव वह इंसान था-

जो दुश्मनों तक की जान को बचाने के लिए अपनी जान को दांव पर लगा सकता था-
कोकी का भारी वजन उसकी रफ्तार को कम कर रहा था! और इसके खुद बेहोश होकर गटर में ही गिर जाने का खतरा बढ़ता जा रहा था-
लेकिन ध्रुव ने कभी कोई इंसानी जान न लेने की कसम खाई हुई थी-
और अगर कोकी की जान गटर में रह जाती तो उसका कारण ध्रुव होता-
आऽऽऽह! मैं बाहर तो आ गया! पर अब मैं खड़ा नहीं रह सकता!
ध्रुव कहां है, यह तो किसी को खबर नहीं थी-
लेकिन कोकी के साथी घटनास्थल पर जरूर आ पहुंचे थे-
वो रहा कोकी! हम इसको इतनी देर से ढूंढ रहे थे, और ये गटर में पड़ा हुआ था!
इसको जरूर ध्रुव गटर से खींच कर बाहर लाया है! पर अब ये भी बेहोश हो गया है! यही मौका है इसको हमेशा के लिए सुला देने का! मौत की नींद में!
अभी एक गोली इसकी खोपड़ी में उतार देता हूं!
लेकिन सच्चाई की उम्र बहुत लम्बी होती है-
खबरदार जो मेरे सुपर हीरो की तरफ उंगली भी उठाई!
आऽऽऽह!

वर्ना तू क्या कर लेगा... अरे! तू तो एक बच्चा है! भाग जा!
भागना तो तुम लोगों को पड़ेगा! मैंने पुलिस को खबर कर दी है! अब किसी भी समय पुलिस यहां पर आती ही होगी!
अभी तक तो नहीं आई है न! जब आएगी तो ध्रुव के साथ-साथ तेरी भी लाश उठा ले जाएगी!
और कोकी को उठाकर ले जाएंगे हम!
पिस्तौल फिर से तनी-
लेकिन-
मैंने कहा था न कि ध्रुव की तरफ उंगली भी उठाई तो ठीक नहीं होगा!
मैं फिफ्थ डिग्री ब्लैक बेल्ट हूं!
और इसको सीखने की प्रेरणा मुझे ध्रुव से ही मिली है!
तेरी तो...
...उम्मफ!
मुझसे बचकर दिखा! यहां तक तो तेरी किक भी नहीं पहुंच सकती है!
लेकिन टॉमी पहुंच सकता है!
टॉमी!
आईsss
ये किस चक्कर में फंस गए हम?
अब तो पुलिस सायरन की आवाज भी सुनाई पड़ रही है! कोकी को उठा और भाग!
इस लड़के के चक्कर में पड़े तो हम सब पकड़े जाएंगे!
यही तुम लोगों के लिए ठीक होगा!
और मेरे लिए भी! जरूरत से ज्यादा बहादुरी दिखानी भी ठीक नहीं है!





और वहां पर जाकर मैंने ऐ किक चलाई, वो कराटे... हुए.
आओ! मैं तुमको एक चीज दिखाना चाहता हूं
लेकिन मैंने तो सब कुछ तुमको देख-देखकर ही सीखा है!


ठीक है, पर अब कभी ... के पीछे मत आना.
ही ही ही हा हा हा! मिल गया उस लड़के का पता! मुझे मालूम था कि ध्रुव इस लड़के से मिलने जरूर आयेगा और वह भी ठीक होने ही! मुझको बस ध्रुव का पीछा करना था, और बॉस मुझे पागल कहता है
अब बताओ, ... कौन है? हां! मैं था ...
अब ये ... बॉस तक आ पहुंचा है.
सबसे पहले तुझे अपने आपको ... लगाना है जो मैंने तुझको दिया है इससे तेरे शरीर ... दर्द महसूस करने की क्षमता खत्म हो जायेगी.







राजा पॉकेट बुक्स 112 फर्स्ट फ्लोर, दरीबा कलां दिल्ली-6 ✆ 23251109 23251092

द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित एवं राष्ट्रीय ...
गुरुचरण सिंह द्वारा लिखित इस पुस्तक में क्रिकेट के
लिए आवश्यक दिशा-निर्देश, सफल बल्लेबाज बनने
के गुर, उम्दा विकेट कीपिंग, क्षेत्ररक्षण और ... के
लिए आवश्यक दिशा निर्देश, क्रिकेट के नियम ...
तकनीक से सम्बंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी दी गई है।
विश्व के ख्यातिप्राप्त क्रिकेटर किस प्रकार इतने अच्छे
बन सके, उनका संक्षिप्त विवरण व जीवन-परिचय
चित्र सहित पुस्तक में दिया गया है। इस पुस्तक से ...
बगैर किसी कोच के ही योग्य
क्रिकेटर बन सकते हैं

50/-



राजा पॉकेट बुक्स


लेकिन तब कोई क्या करे जब दूसरा मौत को खुद ही बुला रहा हो-
ओह, ये परब कूद क्यों नहीं रहा है?

और... अरे! अरे यह क्या? ध्रुव अपने आपको संभाल रहा है, कमाल है! अब ये मोटरसाइकिल सहित पानी में छलांग लगाने जा रहा है।
मुझे ये मौका चूकना नहीं चाहिए, नहीं चाहिए!




ATEL MARG

आऽऽऽह! ये भाप तो मुझे इस तक पहुंचने ही नहीं दे रही है... और अब तो इसकी गर्मी मेरी पोशाक को चीरकर मेरी त्वचा तक पहुंच रही है

अब बचाव की कोशिश करने से भी कोई फायदा नहीं होने वाला है चंद्रिका
अब यहां तेरी चिता जलेगी और फिर तू भी

…क्योंकि चंडिका अभी भी पेट्रोल मिश्रित रसायनों में भीगी हुई है!
और वेग के पैरों की गति के बीच में था-
अब मुकाबला सैंजिल के दिमाग की स्पीड-
ये मोटा परदा चंडिका को अपने अंदर ढककर इसकी अंगारी पोशाक का संपर्क वायु-मंडल की ऑक्सीजन से काट देगा!
ये तो सोचना भी ध्रुव की तरह ही है!

बड़ा मूर्ख है तू! वेग 'फायर ईटर' है! मैं आग को पी जाता हूं! और जो आदमी अपने पेट में आग को रख सकता है, वह अपने जिस्म की आग को भला कैसे उगलेगा!
आ ऽऽऽ ह!
इसकी आग की लपटें मुझे इस तक पहुंचने नहीं देंगी! और अगर एक बार ये दरवाजे तक पहुंच गया, तो दरवाजे को बाहर से बंद करके भाग जाएगा!
इसको वापस खींचना होगा!
सैंजिल का ध्यान भटका-
आ ऽऽऽऽ ह!
और आग की फुहार ने उसकी पोशाक को ढककर घेरा-

राजनगर के फरिश्ते ... से मौत के फरिश्ते साइकोलॉजिस्ट की टक्कर होगी। और तब शायद ये राज सामने आएगा कि कौन है ...। राजनगर का...

फरिश्ता

...आपके पास आ रहा है। ये फरिश्ता।